
गर्व से बनें मतदाता
लोकतंत्र की जय
हमारा वोट हमारा अधिकार
करेंगे मतदान बनेगी पहचान

भारत
दुनिया का सबसे बड़ा
लोकतंत्र है
और मतदान
लोकतंत्र की सबसे बड़ी
ताकत।
आइए सुनें
लोकतंत्र की कहानी
आभा - अभय की
ज़ुबानी।

सहयोगी: यूएनडीपी

# मेले में मौज


आभा-अभय मेले में नाटक देखने जाते हैं।


राजा तो मनमानी कर रहा है!


क्या अब भी राजा राज करते हैं?

नहीं! अब प्रजा राज करती है... वोट करके।




अगर वोट नहीं करें तो?


प्रजातंत्र कमज़ोर हो जाएगा।


जो हम होने नहीं देंगे... वोट करेंगे!

# मैं भी वोटर




आभा का 18वाँ जन्मदिन।


वो अब वोटर बन सकती है।
मतदान केन्द्र


वोटर बनना ख़ास क्यों है?


वोटर मतदान कर,
अपनी सरकार खुद चुनते हैं।



मुझे भी वोटर बनना है।


तो दूध पीकर जल्दी से बड़े हो जाओ और वोटर बनो।

# नंबर 6 का कमाल




छक्का
छक्का




मेरे छक्के ने मैच जिता दिया। 6 है मेरा लक्की नंबर...आपका?


मेरा भी! वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म 6 जो भर लिया है।
फॉर्म 6
वोटर रजिस्ट्रेशन


तुम दोनों ने आज छक्का मारा है...
हा हा हा!
20




प्रवासी निर्वाचक
के पंजीकरण
के लिए भरें।




मतदाता सूची से
नाम हटवाने
के लिए भरें।




सूची में नाम,
पता ठीक करवाने
के लिए भरें।




उसी विधानसभा क्षेत्र
में निवास स्थान
बदलने पर भरें।

# स्वामी सर की सलाह


देखिए, मैं वोटर बन गई!


सिर्फ वोटर आईडी कार्ड से वोटर नहीं बनते!


मतदाता सूची
आभा
वोटर लिस्ट में नाम जाँचना भी ज़रूरी है।


जैसे अभय के होमवर्क की कॉपियां जाँचना ज़रूरी है!

# नये पड़ोसी


जसविन्दर सिंह वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म 6 भर रहे हैं।


आपने पहले रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया?


अमृतसर
कानपुर
पंजाब में करवाया था, अब यू.पी. में काम करता हूँ।


इसलिए अमृतसर से नाम कटवाकर
कानपुर की वोटर लिस्ट में नाम लिखवाऊँगा।


मतलब क्लास बदल गई तो
अटेंडेंस रजिस्टर भी... हा हा हा!

# सही पहचान


भैया ने दो जगह से वोटर रजिस्ट्रेशन करवाया है।


एक शहर से, एक गाँव से... है ना शान की बात।
वोटर रीजस्ट्रेशन ऑफिस
वोटर


सज़ा की बात! दो जगह से रजिस्ट्रेशन करवाना कानूनन जुर्म है।


भैया एक, उनकी
पहचान भी एक!

# शादी का तोहफ़ा


चाचीजी के यहाँ बी.एल.ओ. वोटर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आती है।


चाची, भाभी का नाम नहीं लिखवाया?



मायका पास में ही तो है।
वहाँ रजिस्ट्रेशन करवाया तो था।


पर अब बहू रहेगी तो ससुराल में!



इसलिए फॉर्म 8क भरकर
उसी विधान सभा क्षेत्र में
पता बदलने की जानकारी दें...


क्योंकि मतदान सबका हक़ है।
चाहे वो नई भाभी हो या हमारी पुरानी चाची!

# चलो घूमें दिल्ली


आओ संसद भवन दिखाता हूँ।


यहाँ बैठते हैं हमारे सांसद और यहीं से चलता है देश!


कैसे?


चुनाव में हर क्षेत्र वोट करके
अपना प्रतिनिधि चुनता है...


और अपना प्रतिनिधि चुनना
हमारा हक़ है।


जैसे आपसे चॉकलेट लेना मेरा हक़ है।

वोट करेंगे,
आगे बढ़ेंगे


मैं वोट डालने जा रही हूँ!


और कॉलेज? छुट्टी करने पर मुझे तो डाँटती हो!

आज छुट्टी होती है, जिससे सब वोट कर सरकार चुन सकें!




ला मेरी लाठी,
मैं भी चलूँगी...


मतदान
केन्द्र


सहयोगी: यूएनडीपी
भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India
लोकतंत्र की शान, सब करें मतदान!